4 दैनिक जागरण देहरादून/हरिद्वार, 28 दिसंबर, 2024

# आयुर्वेद में क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

संवाद सहयोगी जागरण ■ रुड़की : दो दिवसीय प्रकृति परीक्षण अभियान कार्यक्रम में प्रदेश के आयुर्वेद संस्थान समेत चिकित्सकों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में रुड़की के क्वाड्रा इंस्टिट्यूट आफ आयुर्वेद ने सर्वाधिक प्रकृति परीक्षण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर क्वाड्रा संस्थान के सचिव डा. रकम सिंह ने संस्थान की इस उपलब्धि पर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आयुर्वेद के प्रति दूरदृष्टि सोच से प्राचीन चिकित्सा पद्धति में भारत के विश्वगुरु की ओर बढ़ते कदम हैं। क्वाड्रा इंस्टिट्यूट आफ आयुर्वेद के निदेशक डा. ऋषभ कुमार जैन ने कहा कि आयुर्वेद एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो व्यक्ति को प्रकृति से जोड़ती है। इस अवसर प्राचार्य डा. जितेन्द्र कुमार राणा, डा. आशीष कुमार समेत मनोज गोयल, अकलंक जैन आदि उपस्थित रहे।



क्वाड्रा संस्थान के सचिव डा. रकम सिंह • सुविधि पाठक